हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 20 .5 डिग्री
न्यूनतम 10 .0डिग्री

14 घने कोहरे को देखते हुए सभी सड़कों पर साइन बोर्ड, सफेद पट्टी व रिफ्लेक्टर लगवाएं विभाग: डीसी

14 शहर में लगी ट्रैफिक लाइटों का करंट गायब, लाखों खर्च करने पर भी एक दशक से चालू नहीं


## खबर संक्षेप

### कोर्ट से घोषित किए दो पीओ गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित दो पीओ को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। थाना खोल पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 21 दिसंबर को चरखी दादरी निवासी अशोक कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी अशोक कुमार को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना माडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए बुड़ौली निवासी मुलसीराम के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे भी पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मारपीट मामलों में एक आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** थाना जाटूसाना पुलिस ने बेरली खुर्द में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 20 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने बेरली खुर्द निवासी राजपाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हादसे में एक व्यक्ति की मौत के बाद वाहन चालक के खिलाफ 17 दिसंबर को केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने दिल्ली के दीप विहार पंजाली निवासी अशोक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज के लिए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिले के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। जब उनके बीच बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 7 जुलाई को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में हिसार के पनोली निवासी राकेश को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### फरार चल रहे पीओ सहित दो गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने कोर्ट से पीओ घोषित होने के बाद फरार चल रहे एक आरोपी सहित दो पीओ को गिरफ्तार किया है। रामपुरा थाना पुलिस ने नशा सप्लाई करने के मामले में बधराना निवासी जयवीर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। उसे कोर्ट ने पीओ घोषित किया था। उसके खिलाफ 5 जुलाई 2021 को केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य मामले में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने पीओ चरखी दादरी के झोझूकलां निवासी जितेंद्र को गिरफ्तार किया है।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गोकलगढ़ निवासी सौरभ नशीले पदार्थों की बिक्री करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बताए गए स्थान पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 29.52 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

*राजस्थान के हीस्ट्रीशीटर विनोद फैडरिक को बर्बाद करने की थी तैयारी*

# ईमानदार पिता हुआ हीस्ट्रीशीटर का शिकार सबक सिखाने के लिए देवांशु ने जुटाए हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत 16 दिसंबर को टैक्सी चालक को गोली मारकर लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों ने रिमांड के दौरान बड़ी संख्या में हथियार व अन्य उपकरण बरामद कराए हैं। पुलिस पूछताछ में पीएचडी की तैयारी कर रहे देवांशु ने इस बात का खुलासा किया है कि राजस्थान पुलिस में इमानदार पुलिसकर्मी रहे उसके पिता के 'प्लांड एक्सिटेंड' में हीस्ट्रीशीटर विनोद फैडरिक का हाथ था, जिसे सबक सिखाने के लिए देवांशु ने हथियार व अन्य उपकरण एकत्रित किए थे। हथियार खरीदने के लिए उसने लाखों रुपये का लोन भी लिया था। पुलिस पूछताछ के दौरान जो बात सामने आई है, उसके अनुसार देवांशु का पिता सूरजभान वर्ष 1988 में राजस्थान पुलिस में सिपाही के तौर पर भर्ती हुआ था। सूरजभान की पहचान एक इमानदार पुलिसकर्मी के रूप में थी। उन्होंने सेवा में रहते हुए कई बदमाशों को सलाखों के पीछे करने में बड़ा योगदान दिया था। विनोद फैडरिक नाम के नशा कारोबारी को सूरजभान ने ही सलाखों के पीछे डालने में मुख्य भूमिका निभाई थी। विनोद की गिरफ्तारी के बाद सूरजभान का वर्ष 1995 'प्लांड एक्सिडेंट' हो गया। देवांशु और उसके परिजनों को पूरा संदेह था कि सूरजभान का एक्सिडेंट विनोद फैडरिक ने ही रंजिश के चलते कराया है। इसके बाद पढ़ाई जारी रखते हुए देवांशु के दिमाग में पिता के एक्सिडेंट का बदला लेने के लिए विनोद फैडरिक का साम्राज्य खत्म करने के लिए हथियार व अन्य आवश्यक उपकरण जुटाने शुरू कर दिए थे। पढ़ाई के दौरान ही उसकी अजामगढ़ निवासी शुभम से दोस्ती हो गई थी, जिसने उसे मेरठ निवासी बंटी से हथियार दिलवाए थे। बंटी ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं है। वह हथियारों की खरीद-फरोख्त का धंधा करता है। पुलिस उससे भी हथियार खरीदने के ठिकाने का पता लगा रही है।

## रिमांड के दौरान पुलिस को बरामद कराए हथियार और अन्य उपकरण



रेवाड़ी। टैक्सी चालक से लूट के मामले में आरोपियों से बरामद हथियार व जानकारी देते डीएसपी श्योराण। फोटो : हरिभूमि

### चालक संजय की जांघ में गोली मारी थी

*16 दिसंबर की रात दो युवक पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से अलीगढ़ निवासी संजय की टैक्सी हायर करके जयपुर जाने की बात कहकर निकले थे। बावल के बनीपुर चौक पर दोनों ने पेशाब के बहाने गाड़ी रुकवाकर चालक संजय की जांघ में गोली मार दी थी। इसके बाद आरोपी उसे शहर के सरकुलर रोड पर डालकर फरार हो गए थे। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद बदमाशों का पीछा करते हुए अजमेर निवासी देवांशु और यूपी के आजमगढ़ निवासी शुभम को तुरंत गिरफ्तार कर लिया था।*

### पांच दिन के रिमांड पर थे दोनों आरोपी

दोनों को कोर्ट से पांच दिन के रिमांड पर लिया गया था। शुरू में दोनों के कब्जे से दो पिस्टल, 89 जिंदा कारतूस, वेव ब्लॉकर, जीपीएस डिटेक्टर व मोबाइल फोन सहित काफी सामान बरामद किया था। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया था कि उन्होंने हथियार मेरठ निवासी बंटी ने मुहैया कराए थे। सीआईए की टीम ने बाद में बंटी को गिरफ्तार करते हुए पांच दिन के रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान उससे इस बात का पता लगाया जा रहा है कि वह हथियार कहां से खरीदता था।

### एक हथकड़ी हुई बरामद

सीआईए ने आरोपियों से पूछताछ के दौरान 5 देशी पिस्टल, 250 जिंदा कारतूस, 8 मैगजीन, 22 मैगजीन की स्प्रिंग, एक बैरल की स्प्रिंग, एक बैग, एक आईफोन, 6 वाकी-टॉकी सैट, 5 वॉकी-टॉकी चार्जर, 5 अडेप्टर, एक पैकेट दस्ताना, एक दूरबीन, 2 पावर अडेप्टर, 3 कारतूस की खाली डब्बी, एक हथकड़ी बरामद हुई है। सीआईए के लिए यह बड़ी सफलता है। रिमांड पूरा होने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### पिता का एक्सिडेंट कराने का था शक

डीएसपी सुरेंद्र श्योराण ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि देवांशु के एक्सिडेंट के बाद से ही गैंगस्टर विनोद फैडरिक को सबक सिखाने का मन बना चुका था। उसने इसके लिए हथियार व अन्य उपकरण एकत्रित करने शुरू कर दिए थे। वह पूरी तैयारी के साथ ड्रग माफिया का कारोबार चौपट करना चाहता था। हथियार खरीदने के लिए देवांशु ने बैंक से लोन तक लिया हुआ था।

# पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चलाया अभियान, 1365 वाहन चालकों पर कसा शिकंजा

■ अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी और प्रभावी कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से गत 15 दिसंबर से 21 दिसंबर तक जिले में ड्रिंक एंड ड्राइव, वाहनों में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाने, लेन चेंज नियमों की अवहेलना करने व बुलेट पटाखा छोड़कर हवाबाजी करने वालों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी और प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस ने गत सप्ताह के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 32 चालकों के चालान किए। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं, जिससे वह अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं, साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक के लिए भी खतरा बन जाते है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है। पुलिस ने गाड़ी में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले व बुलेट पटाखा छोड़कर हवा बाजी करने वाले 10 वाहन चालकों पर शिकंजा कसा। इसके साथ ही लाल व नीली बत्ती लगाने पर 1 व लेन चेंज से संबंधित नियमों की अवहेलना करने पर 1322 वाहन चालकों के चालान किए गए।



रेवाड़ी। वाहन चालकों में शराब की मात्रा चैक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### कोई समझौता नहीं

एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गाड़ियों में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें। नशे की हालत में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें। बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ने व ध्वनि प्रदूषण करने से बचें।

# सीवरेज ओवरफ्लो व प्लॉट में मलबा डालने सहित अनेक शिकायतों पर की सुनवाई

■ समाधान शिविर में एसडीएम सुरेश कुमार ने नागरिकों की शिकायतें सुनकर लोगों को राहत पहुंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम सुरेश कुमार ने सीटीएम जितेन्द्र कुमार व डीएसपी पवन कुमार के साथ नागरिकों की शिकायतें सुनकर लोगों को राहत पहुंचाई।

उन्होंने कहा कि प्रशासन गांव की ओर थीम से ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली शिकायतों का भी तत्परता से समाधान सुनिचित किया जा रहा है।


रेवाड़ी। समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनते हुए एसडीएम सुरेश कुमार।

### समस्याओं को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए

समाधान शिविर में हंस नगर वार्ड नंबर-23 में सीवरेज ओवरफ्लो, सेक्टर-3 में स्थित प्लॉट में मलबा डालने, राव तुलाराम विहार की गली के बीच में बिजली के खड़े खंभे व सेक्टर-3 में रेन वाटर लाइन को साफ करने की शिकायत पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी समस्याओं को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए गए। इनके अलावा समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र में नाम दर्ज कराने, पेंशन, जमीनी विवाद व अवैध कब्जे जैसी शिकायतें सामने आई, जिनमें अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान किया गया। एसडीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की ओर से लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों के समाधान के लिए सशक्त माध्यम बन रहे हैं, जिनमें कोई भी नागरिक अपनी शिकायतें देकर समाधान करा सकता है।

# आरोपियों की गिरफ्तारी व सुरक्षा की मांग को लेकर एसपी से मिला परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गांव नैनसुखपुरा में रंजिश के चलते हुई हिंसक वारदात में एक युवक की मौत के मामले में जाटूसाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद दहशत में आए पीड़ित परिवार ने सोमवार को एसपी हेमेन्द्र मीणा से मुलाकात कर शेष आरोपियों की गिरफ्तारी तथा परिवार की सुरक्षा की मांग की। 10 दिसंबर की रात करीब 9 बजे महेश निवासी गांव नैनसुखपुरा अपने घर से बाहर आ रहा था।



### मारपीट के इरादे से घर में घुस गया

यशवीर ने टाटा कार को तेज गति से स्टार्ट कर महेश पर चढ़ाने की नीयत से दौड़ा दी। महेश किसी तरह एक ओर हट गया, जिससे कार उसके घर की दीवार से जा टकराई। इसके बाद यशवीर ने गाली-गलौच करते हुए डंडा उठा लिया और मारपीट के इरादे से घर में घुस गया। शोर सुनकर मुखत्यार मौके पर पहुंचा और पुलिस को सूचना देने की बात कही। इसी दौरान यशवीर को पकड़कर बैठा लिया गया, लेकिन तभी उसके परिजन और रिश्तेदार लाठी-डंडों व लोहे की पाइप लेकर महेश के घर में घुस आए। आरोप है कि महावीर, रामकुंवार, जगदीश, संदीप, रेनू, सरोज, किरण, सुनीता, राज, गजराज, कृष्णा, सुमन, सुन्दर, धर्मेन्द्र, सुरेन्द्र और नसीब सहित अन्य लोगों ने महेश और उसके परिजनों पर लाठी-डंडों, मुक्कों और लातों से हमला किया।

## लर्नर लाइसेंस के लिए आज प्राणपुरा में लगेगा कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

एसडीएम बावल मनोज कुमार ने बताया कि 23 दिसंबरको गांव प्राणपुरा में प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक लर्नर लाइसेंस बनाने के लिए कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस किसी प्रार्थी को लर्नर लाइसेंस बनवाना हो वह अपनी ऑनलाइन फाईल तैयार कराकर कैंप में आ सकते है। उन्होंने बताया कि प्रार्थी अपने साथ आधार कार्ड, दसवीं की मार्कशीट, ब्लड ग्रुप रिपोर्ट व रेडक्रॉस सर्टिफिकेट साथ लाकर कैंप में आएं।

# नशा तस्करी में संलिप्त आरोपी दबोचा

■ संवेदनशील, भीड़भाड़ वाले तथा अपराध प्रभावित क्षेत्रों में चेकिंग की जा रही

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की ओर से ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत जुआ-सट्टा, नशा, अवैध हथियार और अवैध गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की ओर से अभियान चलाकर संवेदनशील, भीड़भाड़ वाले तथा अपराध प्रभावित क्षेत्रों में चेकिंग की जा रही है। अभियान के तहत सदर थाना पुलिस टीम ने गांव गोकलगढ टी पॉइंट के पास एक खाली प्लाट से एक नशा तस्कर सौरभ निवासी गांव गोकलगढ को 29.52 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। एसपी ने जिले के सभी गांवों के सरपंचों, पुलिस मित्रों, सामाजिक प्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों से अपने-अपने क्षेत्र में नशा बेचने वालों, जुआ खिलाने वालों या अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर। फोटो : हरिभूमि

**मौसम दो दिन तक साफ रह सकता है, इसके बाद बादल छाने के आसार**

# सूरज की तपिश से पांच डिग्री चढ़ा पारा, कड़ाके की ठंड से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

घने कोहरे के कारण गत रविवार को दिन के समय शुरू हुई कड़ाके की ठंड का एक दिन बाद ही असर कम हो गया। सुबह के समय घना कोहरा छाया रहने के कारण वाहनों की रफ्तार मंद पड़ी रही, परंतु जल्द ही कोहरा साफ होने से यातायात सुचारू हो गया। अभी दो दिन तक मौसम साफ बना रह सकता है। इसके बाद आसमान में बादल छाने की संभावना है। सोमवार को सुबह फसलों पर ओस की बूंदे भी छाई रही। रविवार को पहली बार सीजन का घना कोहरा छाया रहा, जिससे अधिकतम तापमान 8.0 डिग्री की गिरावट के साथ 15.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था। पहली बार दिन के समय कड़ाके की ठंड का असर देखने को मिला था। एक दिन बाद सोमवार को भी सुबह के समय कोहरे का काफी असर रहा। वाहनों की रफ्तार पर सुबह 11 बजे तक ब्रेक लगे रहे। इसके बाद सूरज की गर्मी ने कोहरे को साफ कर दिया। शाम तक तेज धूप के कारण मौसम का मिजाज गर्म हो गया। अधिकतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस के उछाल के साथ 20.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। रात का तापमान भी 0.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 10.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 84 प्रतिशत तक रहा। हवाओं की रफ्तार 6 किमी प्रति घंटा रही। दोपहर तक सूरत की धूप के बाद मौसम का मिजाज एक बार फिर से गर्म बन गया, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिली रही। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन तक आसमान साफ रह सकता है। कोहरा सुबह और शाम के समय अपना असर दिखा सकता है। दो दिन बाद आसमान में बादल छा सकते हैं। माह के अंत में बूंदाबांदी भी हो सकती है।

**सप्ताह के अंत में बदलेगा मौसम**



रेवाड़ी। सोमवार को सरसों की फसल पर जमी ओस की बूंदे, सोमवार को महेन्द्रगढ़ रोड पर छाया कोहरा। फोटो : हरिभूमि

### फसलों के लिए मौसम फायदेमंद

कोहरा छाना शुरू होने के बाद रबी की फसलों को अच्छा फायदा मिला है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार मौसम फसलों के लिए अनुकूल बना हुआ है। किसानों को ऐसे मौसम में सरसों और गेहूं की नियमित रूप से हल्की सिंचाई करनी चाहिए। किसानों के लिए परेशानी यह है कि बिजली दिन में 8 घंटे ही मिल पाती है, जिस कारण दोनों फसलों की सिंचाई में परेशानी आती है। इस समय किसान बरसात का इंतजार कर रहे हैं। अगर हल्की बरसात भी होती है, तो इससे फसलों को अच्छा फायदा मिलेगा। धारूहेड़ा का एक्यूआई भी कम होकर 200 के आसपास आ गया है। बारिश होने की सूरत में प्रदूषण काफी हद तक साफ हो सकता है।

### धानक समाज धारूहेड़ा ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन 28 को

**रेवाड़ी।** धानक समाज जिला कमेटी की बैठक 28 दिसंबर रविवार को संतोष देवी धर्मशाला धारूहेड़ा में आयोजित होगी। धानक समाज के संरक्षक सुभाष सोलंकी ने कहा कि समाज के उत्थान व जागरूकता के लिए मीटिंग आयोजित की जा रही है तथा ब्लॉक वाइज कमेटी गठित की जा रही है। खोल, नाहड, डहीना, बावल, जाटूसाना व रेवाड़ी ब्लॉक की कमेटी गठित की जा चुकी है। अब रविवार को सुबह 10 बजे धारूहेड़ा ब्लॉक की मीटिंग का आयोजन संतोष देवी धर्मशाला मीरपुर में किया जाएगा, जिसमें समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी तथा समाज की धारूहेड़ा ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। प्रधान वेदप्रकाश बनवाल ने समाज के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में मीटिंग में पहुंचने की अपील की है।

# हरिभूमि सहेली

क्रिसमस स्पेशल



आज समाज, परिवार में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं, लोग दुख-संताप का जीवन जी रहे हैं, ऐसे में प्रभु यीशु के संदेश बहुत मायने रखते हैं। उन्होंने सभी को एक-दूसरे से प्रेम करने का संदेश दिया ताकि समाज में मानवीय भाव बना रहे। क्रिसमस, यीशु के जन्मोत्सव और उनके दिव्य संदेशों को आत्मसात करने का ही पर्व है।

## प्रभु ईसा मसीह का संदेश बना रहे प्रेम-करुणा का भाव

आवरण कथा

**डॉ. मोनिका शर्मा**

सबका भला चाहने की सरोकारी सोच ही सच्ची संवेदनाओं को पोसती है। क्रिसमस का पर्व ईसा मसीह के ऐसे ही भावपूर्ण संदेशों की याद दिलाता है। यह त्योहार अपनों से लेकर आस-पड़ोस तक, हर जगह करुणा, प्रेम और सकारात्मक जीवन जीने की राह दिखाता है। बिखरते परिवारों और उलझाऊ होती सामाजिक जिंदगी के इस दौर में साथ, संवेदनाएं और सहानुभूति के इमोशंस हर जगह जरूरी हैं। इन भावनाओं का आधार ना केवल बेहतर ढंग से जीने की बुनियाद बनता है बल्कि जीवन की सार्थकता भी समझाता है। यही वजह है कि प्रभु यीशु के विचार, भाव और सुझाव सबके जीवन को सहज बनाने का मार्ग दिखाते हैं।

### सेवा-सम्मान की सोच

हमारी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था आपसी समझ और एक-दूजे की सेवा-सहायता के बिना नहीं चल सकती। ना ही सम्मानजनक परिवेश बनाए बिना स्थितियां सहज रह सकती हैं। ऐसे में प्रभु यीशु के विचार सदा प्रासंगिक हैं। खासकर सेवा और सम्मान का आधार बनाने वाला दया का भाव, उनकी दी हर सीख में शामिल है। करुणा का यह भाव ही इंसानों को सेवाभावी बनाता है। अपनों ही नहीं, परायों की भी पीड़ा समझने और उसे दूर करने में मदद करने की संवेदनाएं जगाता है। प्रभु यीशु का संदेश 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। खुद को सहेजते हुए आगे बढ़ना, स्वयं से जुड़कर दूसरों का साथ पाना और खुद की संभाल करते हुए सबका संबल बनना ही तो मानवीय सोच का सबसे सुंदर पहलू है। यही सोच परिवार से लेकर समाज तक, हर जगह सेवाभाव को बढ़ावा देती है। इसी विचार से अपने देश के नागरिकों के साथ अपनेपन भरे जुड़ाव को बल मिलता है। असल में देखा जाए तो सेवाभाव हमें प्रकृति के हर जीव से जोड़ता है। मदद का मानस हो तो हर इंसान छोटी-छोटी सहायता के रूप में कुछ ना कुछ करने की राह निकाल ही लेता है। दूसरों की सेवा करते हुए इंसान स्वयं अपने आप को भी संवार रहा होता है। सच्ची करुणा के साथ किया गया हर काम और बोला गया हर शब्द सहज रूप से हमारे मन-जीवन में भी सकारात्मकता को पोसता है। प्रभु यीशु ने भी सदा गरीब और कमजोर लोगों के लिए करुणा और सहायता का भाव रखा। हम सभी को ईसा मसीह की इस सीख को याद रखना चाहिए, जीवन में अपनाना चाहिए।





### न्यायसंगत व्यवस्था का समर्थन

ईसा मसीह मानवीय मूल्यों को सहेजने के पक्षधर थे। उनकी शिक्षाओं में सभी के लिए न्यायसंगत व्यवस्था बनाने को अहमियत दी गई है। इसके लिए उन्होंने सभी को नैतिक रूप से सबल बनने की सीख दी। असल में नैतिक व्यवहार ही जिंदगी के हर मोर्चे पर न्याय की स्थापना कर सकता है। नैतिकता का भाव सिखाता है कि स्वार्थ साधने के बजाय दूसरों की तकलीफों को समझा जाए। हर हाल में किसी के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाया जाए। यीशु का यह भी कहना था कि 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो वैसा व्यवहार उनसे करो।' यह विचार सचमुच महत्वपूर्ण है। किसी एक व्यक्ति का अच्छा व्यवहार किसी दूसरे इंसान के नकारात्मक व्यवहार को भी बदलने की ताकत रखता है। यही पॉजिटिविटी रिश्तों को भी साधने का काम करती है। इसीलिए स्वयं अपने बर्ताव के नेगेटिव रुख को समझना भी आवश्यक है। यीशु का यही कहना है कि यह सकारात्मक बदलाव खुद हमारी ओर से हो। यानी, जैसा व्यवहार हम औरों से चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार हम खुद भी दूसरों के लिए अपनाएं।

### आत्मीयता भरा जुड़ाव

प्रभु यीशु मन से इंसानी भावों को पोसने का संदेश देते हैं। जीवन को सरल बनाने वाले उनके विचार आज के समय में और जरूरी हो चले हैं। हर ओर दिखती स्वार्थपरक सोच और फरेब के खेल में निश्छलता कहीं खो गई है। अपनों के साथ भी जालसाजी की घटनाएं हो रही हैं। सगे-संबंधियों में भी आत्मीयता नहीं बची है। आस-पड़ोस का मेलजोल छीजता दिखता है। कहीं जान-बूझकर तो कहीं अनजाने में दूसरों को पीड़ा पहुंचाई जा रही है। जबकि ईसा मसीह का संदेश 'तुम्हें अपने पड़ोसी से भी स्वयं जैसा ही प्रेम करना चाहिए।' आज की बिखरती सामाजिक व्यवस्था में यह बहुत आवश्यक सूत्र सा लगता है। आस-पड़ोस के लोगों से प्रेम करना हमें एक-दूजे के सुख-दुःख में भागीदार बनाता है। साथ और सुरक्षा का भरोसा जगाता है। जाने-अनजाने कोई भूल हो जाने पर उसे सुधारने का भाव इस आपसी विश्वास को और पुख्ता बना सकता है। यीशु ने भी गलती हो जाने पर पश्चाताप करने का मार्ग सुझाया है। उनका कहना था 'जो गलत हुआ है, उसे स्वीकारें और फिर गलत से हमेशा के लिए दूर रहें।' यह स्वीकार्यता और सकारात्मक सोच ही हमारे मन में प्रेम भाव को कायम रख सकती है।

## क्रिसमस के लिए होम डेकोर आइडियाज

अगर आप क्रिसमस पार्टी प्लान कर रही हैं तो जरूर चाहेंगी कि इस मौके पर आपके घर के डेकोरेशन में भी इस फेस्टिवल की फील आए। हम आपको कुछ ऐसे ईजी और यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिनसे आपका होम डेकोर हो जाएगा, क्रिसमस पार्टी के लिए रेडी।

डेकोरेशन

**निकिता चौहान**



हर फेस्टिवल के हिसाब से घर को सजाना एक आर्ट होता है। जरूरी नहीं कि इसके लिए काफी पैसे खर्च किए जाएं, कुछ आइडियाज से आप अपने घर को क्रिसमस पार्टी के लिए डेकोरेट कर सकती हैं।

**फेयरी लाइट्स लगाएं:** घर में क्रिसमस का फील लाने के लिए सबसे पहले आप अच्छी लाइटिंग करें। क्रिसमस डेकोरेशन को ब्राइट टच देने के लिए आप फेयरी लाइटिंग करवा सकती हैं। इसे आप अपने घर के लिविंग रूम, ड्राइंग रूम और बेडरूम हर जगह लगा सकती हैं। फेयरी लाइट्स में आपको मार्केट में कई तरीके के स्टाइल्स और डिजाइंस मिल जाएंगे। लेकिन क्रिसमस के मौके के अनुसार आप स्टार्स वाली लाइटिंग लगवाएं तो ज्यादा सुटेबल रहेगा।

**क्रिसमस ट्री:** क्रिसमस ट्री के बिना क्रिसमस डेकोरेशन पूरा नहीं हो सकता है। इसलिए आप घर के किसी एक कोने में क्रिसमस ट्री को सजा सकती हैं। सबसे अच्छा तो यह होगा कि इसे आप पार्टी वाले हॉल या टेरेस में एक कोने पर रखें। इस क्रिसमस ट्री को डिजाइनर लाइट्स के अलावा ब्राइट बॉल्स, डॉल्स, स्टार्स, ब्राइट पेपर, स्ट्रिप्स जैसी डिफरेंट डेकोरेटिव चीजों से डेकोरेट कर सकती हैं। इससे यह और भी अट्रैक्टिव लगेगा। क्रिसमस ट्री, आपके क्रिसमस डेकोरेशन का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन सकता है।





**सॉक्स को हैंग करें:** क्रिसमस के मौके पर डेकोरेशन में सॉक्स को लटकाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि क्रिसमस के दिन अगर सॉक्स के अंदर अपनी विश लिखकर लटका दी जाए तो सांता क्लॉज इन्हें देखकर आपकी विश जरूर पूरा करते हैं। ऐसे में आप अपने होम डेकोर में रेड कलर के सांता क्लॉज वाली सॉक्स लटका सकती हैं। आपको सांता क्लॉज वाले रेड कोजी सॉक्स आसानी से बाजार में मिल जाएंगे। आप इसे घर की सीढ़िया की दीवार पर या बालकनी के बैकग्राउंड स्पेस में कहीं भी लगा सकती हैं।

**पिलो-कुशन कवर:** क्रिसमस डे के लिए घर को डेकोरेट करते समय आप क्रिसमस इंस्पायर्ड पिलो कवर और कुशन कवर्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। क्रिसमस थीम वाले कवर चुनना सबसे सही रहेगा, जैसे कि लाल और सफेद रंग में बने बारहसिंगे की प्रिंटिंग वाले या देवदार के शंकु आदि के चित्र वाले कवर पिलो और कुशन पर लगा सकती हैं। इनसे आपके घर को कंप्लीट क्रिसमस लुक मिलेगा।

**थीम बेस्ड कैंडल:** क्रिसमस के मौके पर कैंडल डेकोरेशन का भी काफी ट्रेंड है। होम डेकोर के लिए आप क्रिसमस थीम बेस्ड कैंडल ले सकती हैं। ये आपको आसानी से ओपेन मार्केट और ऑनलाइन मिल जाएंगी। आप इन्हें डाइनिंग टेबल, बेडरूम, लिविंग रूम और स्पेशली पार्टी हॉल में अरेंज कर सकती हैं।

**इन कलर्स का ध्यान रखें:** क्रिसमस डेकोरेशन करते समय कलर्स का चयन खूब सोचकर करना चाहिए। जब भी आप घर को सजाएं तो लाल, सफेद और हरे रंग के कलर का इस्तेमाल जरूर करें। इन कलर्स की डेकोरेशन की बड़ी चीजें ही नहीं छोटी चीजों में भी इन्हीं कलर का इस्तेमाल करने से आपका डेकोरेशन आसानी से क्रिसमस के लिए परफेक्ट हो जाएगा।

इस तरह आपका घर क्रिसमस पार्टी के लिए हो जाएगा पूरी तरह डेकोरट।

## दादा-दादी और बच्चे खूब भाता है एक-दूसरे का साथ

बच्चे और आप

**नम्रता नदीम**

दादा-दादी को बच्चों का साथ सुहाता तो है ही, बच्चों को भी उनका साथ खूब भाता है। बच्चों को उनका एक भावनात्मक संबल मिलता है, दादा-दादी का भी उनके साथ बहुत अच्छा समय बीतता है। साथ ही बच्चों को अपने दादा-दादी से अच्छी शिक्षा मिलती है, वे संस्कारवान बनते हैं।



पंद्रह साल का विशाल अपने दादा-दादी के साथ बहुत खुश रहता है। जब उसे हॉस्टल भेजा जाने लगा तो उसने अपने मम्मी-पापा से साफ कह दिया कि वह दादा-दादी के बिना हॉस्टल नहीं जाएगा, क्योंकि हॉस्टल में उसे दादा-दादी की बहुत ज्यादा याद आएगी। अंततः हारकर विशाल के मम्मी-पापा ने उसे घर में रहकर पढ़ाना तय किया ताकि वह अपने दादा-दादी के साथ रह सके। इसी तरह एक और उदाहरण, रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी रघुवीर कुमार का अपनी पोती से बहुत ही भावनात्मक रिश्ता है। वह कहते हैं, 'जब मैं एक-दो महीने उसके पास रहकर आता हूं, तो लौटने के बाद मुझे अपनी पोती की बहुत याद आती है। बार-बार यही मन होता है कि फिर से उसके पास चला जाऊं।' यही वजह है रघुवीर दो-तीन दिन में अपनी पोती से फोन पर जरूर बात करते हैं। अगर कभी वह फोन नहीं कर पाते तो उनकी पोती का ही फोन आ जाता है।



**दादा-दादी से बच्चों का गहरा भावनात्मक रिश्ता:** ऊपर दिए दोनों उदाहरण इस बात की पुष्टि करते हैं कि हमारा घर-परिवार दादा-दादी के बिना कभी भावनात्मक रूप से पूर्ण नहीं होता, क्योंकि उनकी कमी हमेशा खटकती है। लेकिन जॉब की मजबूरियों के चलते हाल के दशकों में संयुक्त परिवार बहुत तेजी से विघटित हुए हैं। दादी-दादा को अपने बेटों के परिवार से दूर रहना पड़ता है। इस अलगाव के बावजूद दादा-दादियों और पोते-पोतियों के बीच लगाव बना रहता है। यही वजह है कि अकसर बच्चे अपने दादा-दादी से मिलने की इच्छा रखते हैं। साठ वर्षीया रामकुमारी भावुक स्वर में कहती हैं, 'भले ही मेरे बेटे और पोता-पोती मुझसे दूर रहते हैं, लेकिन दूरी से मेरी ममता में कोई कमी नहीं आई है बल्कि यह बढ़ गई है। मुझे जब भी मौका मिलता है, मैं अपने पोते और पोती को देखने चली जाती हूं। वे दोनों मुझे पाकर बहुत खुश होते हैं। जिन दिनों मैं उनके साथ रहती हूं, उन दिनों वे अपनी मम्मी-पापा से कहीं ज्यादा मेरे साथ समय बिताते हैं। इससे मेरा पूरा दिन कैसे कट जाता है, पता ही नहीं चलता।' जिन घरों में बच्चे, दादा-दादी के साथ रहते हैं, वहां ज्यादातर दादा-दादी बच्चों पर पूरा ध्यान रखते हैं। दिनभर बच्चों के साथ रहना, उन्हें कहानियां सुनाना, उन्हें बाजार ले जाना जैसे तमाम काम वे बच्चों के साथ मिल-जुलकर करते हैं। दादी-दादा बच्चों के साथ एकदम बच्चे बन जाते हैं। वे उनके साथ घुल-मिलकर खेलते हैं। इससे दोनों के बीच में भावनात्मक लगाव बढ़ता है। कुछ दादा-दादी बच्चों के खेलने-कूदने के साथ ही उन्हें अच्छे उपहार भी देते हैं। इससे उन्हें खुशी मिलती है और बच्चे भी बहुत खुश होते हैं।

**बुजुर्ग हैं बच्चों के भावनात्मक संबल:** बारह साल की अनुष्का के दादा-दादी नहीं हैं। उसे अपने नाना-नानी से बेहद प्यार है। उसकी नानी कुछ दिन आकर जब उनके साथ रहती हैं, तो उसे उन दिनों बहुत अच्छा लगता है। क्योंकि नानी उस पर अपना पूरा प्यार बरसाती हैं। उसे कई उपहार भी देती हैं। अनुष्का को दादा-दादी के बारे में ज्यादा कुछ याद नहीं है, लेकिन उसकी नानी से उसका गहरा लगाव है। आठ साल की मानसी की तो जान ही अपने दादा-दादी में बसती है। उसके दादा उसके साथ हर खेल खेलते हैं। वे उसे पढ़ाते हैं। आजकल वर्किंग कपल्स के पास इतना समय कहां होता है कि वे अपने बच्चों को ज्यादा समय दे सकें, उनके साथ भरपूर समय बिता सकें। ऐसे में बच्चों के लिए दादा-दादी उनके लिए एक बड़ा भावनात्मक संबल होते हैं।

## फॉलो करें ये मेकअप स्टेप्स मिलेगा ग्लैमरस पार्टी लुक

मेकअप

**सरिता गुप्ता**

जब मौका हो क्रिसमस पार्टी में शामिल होने का तो आप जरूर चाहेंगी कि आपका मेकअप लुक भी ग्लैमरस नजर आए। यहां आपको पार्टी स्पेशल मेकअप स्टेप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप मिनटों में ग्लैमरस पार्टी लुक पा सकती हैं।

**स्किन को तैयार करें:** सबसे पहले हल्के फेसवॉश से चेहरा साफ करें, ताकि सारी धूल और ऑयल हट जाए। इसके बाद टोनर लगाकर स्किन को रीफ्रेश करें। अब मॉयश्चराइजर लगाएं, जिससे स्किन में नमी बनी रहे। अगर आपकी स्किन ड्राय है, तो हाइड्रेटिंग सीरम का उपयोग करें। वहीं ऑयली स्किन के लिए जैल-बेस्ड मॉयश्चराइजर सही माना जाता है। इसके बाद प्राइमर लगाएं, ताकि आपके मेकअप का बेस स्मूद बने और स्किन पोर्स कम दिखें।



**फाउंडेशन-कंसीलर:** बेस मेकअप बिल्कुल नेचुरल और फ्लॉलेस होना चाहिए। अपनी स्किन टोन से मैच करता हुआ फाउंडेशन लें और स्पंज या ब्रश से अच्छी तरह इसे ब्लेंड करें। कंसीलर का इस्तेमाल आंखों के नीचे के डार्क सर्कल, पिंपल स्पॉट और पिगमेंटेशन पर करें। इसे हल्के से टैप करें। जरूरत हो तो लोअर फेस पर थोड़ा कॉन्टूरिंग कर सकती हैं। इससे चेहरा डिफाइंड-शार्प दिखता है।

**आई मेकअप:** आई मेकअप को थोड़ा बोल्ड और फेस्टिव स्टाइल में करें। गोल्ड, कॉपर, रेड या ग्रीन शेड्स क्रिसमस थीम के लिए परफेक्ट रहते हैं। सबसे पहले न्यूट्रल ब्राउन शेड से क्रीज पर हल्का बेस बनाएं। अब पलक पर गोल्ड या शिमरी रेड आईशैडो लगाएं। बाहरी कोने (आउटर कॉर्नर) पर डार्क ब्राउन या ब्लैक से डीप स्मोकी इफेक्ट दें। ताकि आंखें बड़ी और खूबसूरत दिखें। ग्लिटर लाइनर भी यूज कर सकती हैं।

**ब्लश-हाईलाइटर:** ब्लश आपके चेहरे में ताजगी और रंगत जोड़ता है। क्रिसमस पार्टी के लिए पिंक या पीच टोन का ब्लश लगाएं। इसे चीक बोंस पर हल्के हाथ से अपवर्ड डायरेक्शन में अप्लाई करें। इसके बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। नाक की टिप, चीकबोन और क्यूपिड बो पर हल्का हाईलाइटर लगाने से चेहरा ग्लो करता है।

**लिपस्टिक:** क्रिसमस लुक में रेड लिपस्टिक क्लासिक ऑप्शन है। अगर आप बोल्ड लिप्स पसंद करती हैं, तो रेड, मैरून या बेरी टोन चुनें। यदि आपका आई मेकअप पहले से ही बोल्ड है, तो लिप्स पर सॉफ्ट पिंक या न्यूड शेड भी बहुत खूबसूरत लगेगा।

**सेटिंग स्प्रे:** सारा मेकअप करने के बाद सेटिंग स्प्रे लगा लें। यह आपके मेकअप को लंबे समय तक स्मज होने से बचाता है और आपको देता है फ्रेश, ग्लैमरस पार्टी लुक।

**(मेकअप आर्टिस्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**



## कई बच्चों को हो रही मायोपिया की समस्या

अनेक वजहों से आजकल कई बच्चे मायोपिया (कमजोर नजर) की समस्या से ग्रस्त होने लगे हैं। इसकी वजहों और लक्षणों के साथ इससे बचने के तरीके के बारे में भी यहां डिटेल में बता रहे हैं।

प्रिकॉशन

**निकिता**

चालीस-पचास की उम्र के बाद नजर कमजोर होना सामान्य है लेकिन चिंता की बात है कि आजकल अनेक बच्चे भी कमजोर नजर की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं। बच्चों में होने वाली आंखों से जुड़ी समस्या मायोपिया में वह पास की वस्तुएं साफ देख पाता है, लेकिन दूर की चीजें धुंधली दिखाई देती हैं। समय पर ध्यान न देने से यह समस्या और बढ़ सकती है और आगे चलकर बच्चे की पढ़ाई, खेल-कूद और उसके व्यक्तित्व को भी प्रभावित कर सकती है।

**मायोपिया के कारण:** बच्चों में मायोपिया होने के कई कारण हो सकते हैं।

**लंबे समय तक स्क्रीन देखना:** मोबाइल, टीवी और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग आंखों पर दबाव डालता है।

**पढ़ाई या नजदीकी काम में ज्यादा समय:** लगातार किताब पढ़ना या लिखना भी मायोपिया को बढ़ावा देता है।

**प्राकृतिक रोशनी की कमी:** बच्चों का पर्याप्त समय धूप में न बिताना आंखों की सेहत पर असर डालता है।

**आनुवांशिक कारण:** अगर माता-पिता की नजर कमजोर है तो बच्चों में मायोपिया होने की आशंका अधिक रहती है।

**मायोपिया के लक्षण:** अगर आपके बच्चे को मायोपिया है तो उसे आप इन लक्षणों से पहचान सकती हैं।

- दूर की वस्तुएं धुंधली दिखना।
- टीवी या क्लास में ब्लैक बोर्ड पर लिखे हुए शब्दों को देखने में परेशानी होना।
- बार-बार आंखें मिचमिचाना।
- कुछ भी पढ़ते समय या लिखते समय सिरदर्द होना।
- किताब को बहुत पास से पढ़ना।



**बचाव के उपाय:** अपने बच्चे को मायोपिया से बचाने के लिए आप कुछ सुझावों पर अमल कर सकती हैं।

**स्क्रीन टाइम नियंत्रित करें:** छोटे बच्चों को टीवी देखने और मोबाइल चलाने का समय सीमित रखें।

**बच्चों को बाहर खेलने दें:** रोजाना कम से कम 1-2 घंटे प्राकृतिक रोशनी में बच्चे को समय बिताना जरूरी है।

**सही दूरी से पढ़ाई:** किताब और आंखों के बीच 30-40 सेमी. की दूरी बनाए रखें।

**संतुलित आहार:** हरी सब्जियां, फल, विटामिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर डाइट आंखों की सेहत के लिए लाभकारी है।

**नियमित नेत्र परीक्षण:** समय-समय पर आंखों की जांच करवाना चाहिए, ताकि शुरुआती अवस्था में समस्या पकड़ में आ सके।

**ना बरतें लापरवाही:** आज के दौर में बच्चो में मायोपिया एक आम स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। लेकिन सही जीवनशैली और समय पर जांच से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। पैरेंट्स को चाहिए कि वे अपने बच्चों की आंखों की देखभाल में लापरवाही न बरतें और कोई भी लक्षण नजर आने पर तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें।

**(फोर्टिस हॉस्पिटल, शालीमार बाग, दिल्ली के सीनियर डायरेक्टर, यूनिट हेड-पीडियाट्रिक्स डॉ. विवेक जैन से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप



### मंजू चौहान ने की भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात

**नारनौल।** स्टेट अवार्डी वरिष्ठ समाजसेविका एवं भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ता मंजू चौहान ने नई दिल्ली स्थित भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में पार्टी के सबसे युवा राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष नियुक्त किए गए नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंटकर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंजू चौहान ने कहा कि नितिन नबीन का पार्टी के सबसे युवा राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में चयन होना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारतीय जनता पार्टी में आने वाला समय युवाओं का है। युवा नेतृत्व, नई सोच और ऊर्जा के साथ संगठन को और अधिक मजबूत करेगा।

### बाबा लाल गिरी की स्मृति में मेला 1 जनवरी को

**कनीना।** राजकीय महाविद्यालय के समीप एक जनवरी को पौष मास की त्रयोदशी के दिन बाबा लाल गिरी महाराज की 50वीं स्मृति में आयोजित होने वाले धार्मिक मेले को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मनोनीत पूर्व पार्षद मोहन सिंह ने बताया कि मेले में खेलकूद प्रतियोगिता, रात्रि जागरण व भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। 31 दिसंबर को रात्रि जागरण होगा। जिसमें तनु व मनु खरखौदा की टीम धार्मिक भजनों की प्रस्तुति देगी। एक जनवरी को भंडारे व खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

### युवा कांग्रेस की मासिक संगठनात्मक बैठक

**नारनौल।** पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस पुनीत बुलान के नेतृत्व में युवा कांग्रेस की मासिक संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश युवा कांग्रेस की सह-प्रभारी प्रियंका व जिला इंचार्ज दिनेश पोसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में विधायक पुत्र अभय सिंह, जिला महासचिव राजीव, पूजा वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक गुर्जर, सुनील हरियाणा, रंगलाल, भगवान सहाय, कुलभूषण, राजप्रकाश सहित युवा कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर मंथन किया गया।

### वित्तीय सहायता के तहत दी जा रही 51 हजार की राशि

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम कनिका गोयल ने बताया कि सरकार ने हरियाणा राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों अथवा आईएनए कर्मियों और उनकी विधवाओं को उनकी बेटियों और आश्रित बहनों की शादी के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत 51 हजार रुपये की राशि दी जाती है, जिसे संशोधित करके इसे उनकी पोतियों की शादी के लिए भी बढ़ा दिया है। एसडीएम ने बताया कि राज्य सरकार ने हरियाणा राज्य के स्वतंत्रता सेनानी/आईएनए कर्मी और उनकी विधवाओं की मृत्यु की स्थिति में, उनके बेटे या बहू भी स्वतंत्रता सेनानी की पोती होने के नाते बेटी की शादी के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है।

---

*नांगल चौधरी विधानसभा के 22 पंचायतों में सचिवालय निर्माण स्वीकृत*

# विधायक मंजू चौधरी के सवाल पर कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने सदन में दी जानकारी, जल्द ही सचिवालय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

विधायक मंजू चौधरी ने विधानसभा में पंचायतों के लिए स्वीकृत सचिवालय निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन की मार्फत सरकार से स्वीकृत व निर्मित सचिवालयों की जानकारी मांगी। जिसके जबाब में कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नांगल चौधरी हलके के 22 गांवों में जल्द ही सचिवालय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

विधायक ने बताया कि गांवों के विकास और सरकार की योजनाओं को जन.जन तक पहुंचाने में पंचायतों की बड़ी भूमिका होती है। साथ ही गांव स्तर की तमाम समस्याएं पंचायतों की माध्यम से सरकार तक पहुंचती हैं। इसके बावजूद अधिकांश पंचायतों के पास कामकाज करने के लिए सुविधाजनक भवन उपलब्ध नहीं। सरपंचों को खुले आसमान नीचे या इधर उधर बैठक करके विकास कार्यों की रूपरेखा बनानी पड़ती है। इस दौरान ग्रामीणों को आमसभा की बैठक में हिस्सा लेना संभव नहीं हो पाता। शिकायतें मिलने पर बीते महीने विभागीय मंत्री को पंचायती प्रस्ताव देकर सचिवालय निर्माण कराने का आग्रह किया था। साथ ही सरकार ने पंचायतों के दफ्तरों में प्रशासनिक कामकाज कराने का आग्रह किया था। जिससे लोगों को एक ही छत नीचे सभी विभागों की सेवाएं मिल सके। सदन के माध्यम से कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि नांगल चौधरी हलके के 27 पंचायतों में दफ्तरों का निर्माण पूरा हो चुका तथा इस्तेमाल के लिए तैयार हैं। 22 गांवों में ग्राम विकास केंद्रों की डिमांड मिली है। जिस पर विभागीय प्रक्रिया शुरू कर दी। विभिन्न औपचारिकताएं पूरी करने के बाद जल्द वंचित पंचायतों को भी सचिवालय की सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी। ग्रामीण सचिवालयों में प्रशासनिक सेवाओं के लिए सीएम से मिलूंगी। विधायक मंजू चौधरी ने बताया कि ग्रामीण सचिवालयों में विभागीय कर्मचारी नियुक्त करने की योजना बनी थी, ताकि ग्रामीणों को रिहायसी प्रमाण पत्र, जमीनी नकल, आधार कार्ड व अन्य आवेदन करने के लिए शहर नहीं जाना पड़े, लेकिन अभी तक सरकार ने कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की। जिस कारण ग्रामीणों को अभी भी दफ्तरों में चक्कर काटने की समस्या बनी हुई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही सीएम से मिलकर उन्हें स्थिति से अवगत कराया जाएगा।



**नांगल चौधरी।** सदन में हलके के गांवों में सेवा केंद्रों के निर्माण संबंधी जानकारी मांगती विधायक मंजू चौधरी। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीण रूटों पर बसें नहीं चलने से दिक्कत

विधायक ने बताया कि पंचायतों में सचिवालयों का निर्माण जरूरी है, क्योंकि नांगल चौधरी के अधिकांश गांवों में परिवहन व्यवस्था नहीं। ग्रामीणों को अवैध वाहनों में बैठकर शहर तक आना पड़ता है। इस दौरान सड़क दुर्घटना का खतरा बना रहता है। सचिवालयों में विभागीय सुविधा उपलब्ध होने पर लोगों को समय व आर्थिक बचत हो सकेगी।

---

## हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे ने बैठक कर लिया निर्णय

# 18 को परिवहन मंत्री के आवास पर न्याय मार्च करेंगे रोडवेज कर्मी

सुरक्षित एवं सस्ती परिवहन सेवा का निजीकरण करके पूंजीपतियों के हवाले करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे के पूर्व में घोषित कार्यक्रम अनुसार सोमवार को नारनौल डिपो में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता हंसराज यादव व सुरेश कुमार ने की। संचालन जितेंद्र यादव ने किया। गेट मीटिंग में शामिल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सांझा मोर्चे के वरिष्ठ सदस्य जयबीर घणघस, वीरेन्द्र सिगरोह, जगदीप लाठर, संजीव कुमार, अशोक खोखर व देवेन्द्र बिट्टू ने बताया कि प्रदेश सरकार छात्र–छात्राओं एवं आम व्यक्ति की पसंद सुरक्षित एवं सस्ती परिवहन सेवा का निजीकरण करके पूंजीपतियों के हवाले कर रही है। योजना की ठेके की इलेक्ट्रिक बसों व ठेके की किलोमीटर स्किम की बसों को रोडवेज विभाग में बिना मांग के लगातार शामिल किया जा रहा। योजना की ठेके की बसों से रोडवेज विभाग को घाटा हो रहा हैं। दूसरी ओर मंत्री एवं विधायक अपने–अपने विधानसभा के हर गांव में सरकारी बसों चलवाने के आदेश रोडवेज अधिकारियों दिए जा रहे हैं। जबकी रोडवेज विभाग के पास सभी गांवों में सरकारी बस भेजने के लिए पर्याप्त बसें ही नहीं हैं। आज रोडवेज विभाग में चालकों व परिचालकों की बहुत कमी है। बसों की मरमत करने के लिए कर्मचारी न के बराबर रहे गए हैं। चालक, परिचालकों की कमी एवं बसों मरमत समय पर न होने के कारण बसें खड़ी रहती हैं।


**नारनौल।** मीटिंग करते रोडवेज कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

### आंदोलन की चेतावनी

*सरकार समय रहते बातचीत माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं को हल करे। अगर सरकार ने कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो प्रदेशभर के सभी डिपुओं के रोडवेज कर्मचारी आगामी 18 जनवरी को अम्बाला छावनी में परिवहन मंत्री के आवास पर न्याय मार्च निकालेंगे और बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी।*

### कर्मचारियों की मुख्य मांगें

*कर्मचारियों की मुख्य मांगों में धुन्ध, बारिश एवं कोरोना काल जैसे विपरीत समय में जोखिम भरी ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को जोखिम भत्ता दिया जाए। ऑनलाइन तबादला नीति के स्थान विभाग एवं कर्मचारी हित की आपसी तबादला नीति को पुनः अपनाया जाए। चालकों परिचालक, लिपिक, स्टोर कीपर, कैशियर के पद का पे ग्रे बढ़ाया जाए। देय अर्जित अवकाश कटौती पत्र को वापिस लेकर पूर्व की तरह देय अर्जित अवकाश दिए जाएं। वर्ष 2002 के चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का किया जाए एवं पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए। सभी प्रकार की पूर्ण प्रकिया करने वाले 2016 के चालकों को पक्का किया जाए। अड्डा इंचार्ज का नया पद सृजित करके चालकों को प्रमोशन दी जाए। वंचित 2008 के परिचालकों को उपनिरीक्षक के पद पर प्रमोशन की जाए। कर्मशाला के 2018 के ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर करके तकनीकी पदों पर प्रमोशन दी जाए। जूता भत्ता, शिक्षा भत्ता, वर्दी भत्ता महंगाई अनुसार बढ़ाया जाए। दादरी डिपो के 52 हेल्परों सहित सभी प्रकार के का कच्चे कर्मचारियों की पॉलिसी बनाकर पक्का किया जाए। कोरोना समय मे खड़ी ठेके की बसों को पेमेन्ट करने के आदेश रद्द करने पूरे मामले की जांच की जाए। बकाया बोनस का भुगतान किया जाए। सभी डिपो के सभी मार्गों का पुनः सर्वे करवाया जाए। चालक परिचालकों से आठ घण्टे की ड्यूटी ली जाए। आठ घण्टे की ड्यूटी से अधिक ड्यूटी का ओवर टाईम दिया जाए। अनेक मांगे हैं, जिन्हें सरकार जायज मानती हैं, परंतु लागू नहीं कर रही हैं।*

---


**महेंद्रगढ़।** अधिकारियों की बैठक लेती एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

एसडीएम कनिका गोयल (आईएएस) ने कहा कि इस बार स्थानीय खेल स्टेडियम में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस की तैयारियों के लिए जिस भी विभाग को जो दायित्व दिया जाए, उसे निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। एसडीएम कनिका गोयल ने सोमवार को लघु सचिवालय के कोर्ट रूम में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों बारे अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने के लिए सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूरी निष्ठा के साथ समयबद्ध पूरा करें। शहर के चौक, शहीद स्मारक व व महापुरुषों की प्रतिमाएं सजाई जाएं। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन के लिए प्रेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम रिहर्सल समय से शुरू की जाए और समारोह स्थल पर सभी प्रतिभागी रिहर्सल जरूर करेंगे तथा फाइनल फुलड्रैस रिहर्सल 24 जनवरी को आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी आपस में तालमेल बनाकर राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए पूरी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया जाएगा। एसडीएम ने एक-एक कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए जिम्मेवारियां सौंपी। उन्होंने कहा कि रिहर्सल और परेड के दौरान एंबुलेंस की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा और साफ-सफाई की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की जाएगी।

---

# नेतृत्व केवल पद से नहीं, बल्कि सोच और कर्म से जाता है पहचाना : डॉ. अभय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

गौड़ परिषद के तत्वावधान में समाज की प्रतिभाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक नियुक्तियां पाने वाले पदाधिकारियों के साथ समाज की एकता एवं अन्य कार्यों में सहयोग देने वालों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के नवनियुक्त मार्केट कमेटी नांगल चौधरी के चेयरमैन रमाशंकर आंतरी तथा पैक्स के नव नियुक्त अध्यक्ष किशन गौड़ का अभिनंदन किया गया। इस सम्मान के लिए दोनों पदाधिकारियों ने समाज के साथ पूर्व मंत्री डॉ. अभयसिंह यादव का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी वर्गों को साथ लेकर चलना सबसे बड़ा काम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने समाज के गणमान्य लोगों के साथ पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि नेतृत्व केवल पद से नहीं, बल्कि सोच और कर्म से पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव मार्गदर्शक रहा है और समाज को समरसता व विकास की दिशा देने में इसकी भूमिका अहम रही है। डॉ. अभय सिंह यादव ने दस वर्षों के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने योजनाओं को कागजों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि गांव-गांव जाकर समस्याओं को समझा और उनका समाधान कराया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राजनीति में झूठे वादों से नहीं, बल्कि ईमानदार प्रयासों से विश्वास बनता है। एसवाईएल के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि बिना झूठे वादों के भी क्षेत्र की जल समस्या का स्थायी समाधान निकाला गया, यही उनकी कार्यशैली की पहचान है। डॉ. यादव ने यह भी कहा कि सकारात्मक सोच ही विकास का आधार है, जबकि नकारात्मकता समाज को पीछे धकेलती है। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारी अंजनी शास्त्री ने संगठन की कार्ययोजना प्रस्तुत की, जबकि डॉ. ललित मोहन जोशी ने शिक्षा, संस्कार, युवा सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण को परिषद का मुख्य उद्देश्य बताया।



**नारनौल।** डॉ अभय सिंह यादव का सम्मान करते ब्राह्मण समाज के लोग।

### मौजूद रहे

*इस मौके पर सभा अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, शिवकुमार शर्मा, पूर्व पार्षद ताराचंद शर्मा, प्रमोद वत्स, अशोक शर्मा, विजय शर्मा मौजूद रहे।*

---

# मांगों को लेकर पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ ने बैठक कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरकेश की अध्यक्षता में सुभाष पार्क में आयोजित की गई। पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के जिला अध्यक्ष देवेश ने बताया कि सरकार हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटरों की मांगों के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत 3 जनवरी 2025 में बहादुरगढ़ में सीपीएलओ कर्मचारियों की मांगों के समाधान को लेकर आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक मांगों के समाधान को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह कैथल में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हवासिंह महला की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में सरकार की अनदेखी पर रोष प्रकट किया गया था और निर्णय लिया गया कि इसको लेकर 24 दिसंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में संगठन द्वारा उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरकेश ने बैठक में उपस्थित कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि जायज मांगों का समाधान नहीं करती है तो आंदोलन करेंगे।


**नारनौल।** नेताजी सुभाष पार्क में बैठक करते कम्प्यूटर ऑपरेटर। फोटो : हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

बैठक में विपिन चंद्रपाल, इन्द्र सिंह, अशोक कुमार, विनीत कुमार, प्रदीप कुमार, नवनीत शर्मा, पुष्पा, ममता, नीरज, चन्द्रप्रकाश, सुनील कुमार, अभिषेक व विजपाल इत्यादि सीपीएलओ कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# डीसी ने समाधान शिविर के बाद बरामदे में बैठकर सुनीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनी। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करना है, ताकि उन्हें सरकारी दफ्तरों के बारण्बार चक्कर न काटने पड़ें। शिविर में जिले के विभिन्न हिस्सों से आए 93 नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के सामने रखी। समाधान शिविर के बाद भी उपायुक्त ने बरामदे में बैठकर नागरिकों की शिकायतों को सुना। उपायुक्त ने एक एक कर सभी फरियादियों की बात सुनी और संबंधित अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए डीसी ने कहा कि समाधान शिविर का अर्थ केवल शिकायत दर्ज करना नहीं, बल्कि उसका समाधान करना है। उन्होंने कहा कि जन सेवा ही सरकार व जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हर समस्या के समाधान के लिए एक समय सीमा तय की जाए। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रार्थी को दोबारा उसी समस्या के लिए शिविर में न आना पड़े। उपायुक्त ने सुशासन सप्ताह पर विशेष जोर देते हुए कहा कि वर्तमान में सरकार के निर्देश अनुसार जिला प्रशासन सुशासन सप्ताह मना रहा है। इसके तहत सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने कार्यालयों में विशेष डेस्क लगाकर लोगों को लाभान्वित करें। नागरिकों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं व सेवाओं की जानकारी दी जा रही है।


**नारनौल।** शिविर के बाद बरामदे में बैठकर नागरिकों की शिकायतें सुनते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

---

**कार्यक्रम** प्रदर्शनी में विशेषज्ञों ने सिखाए उन्नत बागवानी के गुर

बागवानी सेमिनार में दिखी भविष्य की स्मार्ट फार्मिंग

# परंपरागत खेती छोड़ स्मार्ट बनने की राह पर चले किसान: डॉ. प्रेम कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल।

गांव अमरपुर जोरासी में सोमवार का नजारा किसी उत्सव से कम नहीं था। एक तरफ रंग बिरंगे स्टॉल्स पर सजे उन्नत बीज और खाद किसानों को आकर्षित कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर मिनी ड्रिप सिंचाई प्रणाली पर किसान विशेष रूचि ले रहे थे। मौका था जिला स्तरीय बागवानी सेमिनार का, जहां स्वयं सहायता समूहों, एफपीओ और खाद, बीज कंपनियों की प्रदर्शनी ने किसानों को तकनीक से रूबरू करवाया। हरियाणा सरकार के दिशा निर्देश अनुसार लगाई गई इस प्रदर्शनी में विशेषज्ञों ने ड्रिप सिंचाई और नई कृषि तकनीकों का सजीव प्रदर्शन किया। साथ ही किसानों की शंकाओं को दूर किया। प्रदर्शनी में प्रगतिशील किसानों और समूहों ने पारंपरिक खेती के घेरे से बाहर निकलकर स्मार्ट फार्मिंग की ओर आगे बढ़ाने की उत्सुकता दिखाई। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने सरकार की बागवानी समर्थक नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें खेती में नई तकनीक के साथ जुड़ने का मौका मिलेगा। मुख्य अतिथि उपनिदेशक उद्यान डॉ. पिंकी यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना और हॉर्टनेट पोर्टल जैसी डिजिटल व्यवस्थाओं ने किसानों का सीधा संपर्क सरकार से जोड़ दिया है।


**नारनौल।** सेमिनार में प्रदर्शनी का अवलोकन करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### प्रगतिशील किसानों ने बताई सफलता की कहानी

सेमिनार में गांव खायरा के प्रगतिशील किसान योगेंद्र ने मशरूम खेती से मिली अपनी सफलता की कहानी सुनाई। उनकी कहानी इस बात का प्रमाण है कि यदि सरकार का साथ और सही तकनीक का हाथ होए तो बंजर दिखती उम्मीदों में भी खुशहाली की फसल लहलहा सकती है। इसके अलावा योगेन्द्र, पवन व मुकेश अमरपुर जोरासी ने कीनू बागवानी के बारे में जानकारी दी।

### बागवानी बीमा योजना से फसलों को मिला सुरक्षा कवच

जिला उद्यान अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार ने किसानों को जोखिम से बचाने के लिए श्मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सब्जियों व मसालों के लिए 750 रुपये प्रति एकड़ प्रीमियम पर 30 हजार रुपये का बीमा तथा फलों की खेती के लिए 1000 रुपये प्रति एकड़ प्रीमियम पर 40 हजार रुपये का बीमा दिया जाता है।

## नगर परिषद व पुलिस विभाग में तालमेल की कमी से चौराहों पर शोपीस बनी ट्रैफिक लाइटें

# ट्रैफिक लाइटों का करंट गायब, लाखों खर्च करने पर भी एक दशक से चालू नहीं





रेवाड़ी। अंबेडकर चौक, बावल चौक तथा अग्रसैन चौक पर बंद पड़ी ट्रैफिक लाइटें। फोटो : हरिभूमि

**यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक लाइटों का शुरू होना जरूरी**

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

शहर को करीब एक दशक से एक बार भी ट्रैफिक लाइटों की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इस बीच नगर परिषद इन ट्रैफिक लाइटों पर मेंटेनेंस व बार-बार नई लाइटें लगाने के नाम पर लाखों रुपये बर्बाद कर चुकी है। वर्तमान में शहर के चौराहों पर लगी ट्रैफिक लाइटों का करंट गायब हो चुका है। दिन-प्रतिदिन बढ़ते वाहनों की संख्या को देखते हुए शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक लाइटों का शुरू होना बेहद जरूरी है, लेकिन नगर परिषद की ओर से लंबे समय से बहाने बनाकर ट्रैफिक लाइटों को चालू करने में लापरवाही बरती जा रही है। वर्तमान में शहर के चौराहों पर लगी ट्रैफिक लाइटें कहीं टूटकर लटकी हुई है तो कहीं शोपीश का काम कर रही है। शहर के सबसे व्यस्त चौक नाईवाली पर तो ट्रैफिक लाइटें तक नहीं है। वर्तमान में शहर के प्रमुख चौराहों पर लगी सभी ट्रैफिक लाइटें बंद पड़ी हुई है।

### नप व पुलिस विभाग के बीच तालमेल की कमी

नगर परिषद की ओर से बार-बार ट्रैफिक लाइटों की मेंटेनेंस का लाखों का ठेका दिया जाता है। उसके बाद ट्रैफिक लाइटों का कार्य तो शुरू हो जाता है, लेकिन देखरेख के अभाव में स्थित पहले जैसी ही हो जाती है। शहर में बढ़ते ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए ट्रैफिक लाइटें काफी हद तक कारगर साबित हो सकती है, लेकिन नगर परिषद व पुलिस विभाग के बीच तालमेल की कमी के कारण ट्रैफिक लाइटें शोपीश बनकर रह गई है। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नगर परिषद के अधिकारियों की ओर से डीसी को अवगत कराया जाता है कि ट्रैफिक लाइटें इनस्टॉल कर दी गई है और इन्हे जल्द ही शुरू किया जाएगा, लेकिन धरातल पर कोई कार्रवाई नजर नहीं आती है।

### लाखों का ठेका देने पर भी बंद पड़ी लाइटें

नगर परिषद की ओर से गत वर्ष 2024 के मई माह में नई ट्रैफिक लाइटें लगाने व खराब लाइटों को ठीक कराने के लिए एजेंसी को 24 लाख का ठेका दिया गया था, लेकिन डेढ साल से अधिक समय बीतने के बाद भी न तो सभी जगह ट्रैफिक लाइटें लगाई गई है और न ही ट्रैफिक लाइटें चालू हो पाई है। पिछले एक दशक से शहर में ट्रैफिक लाइटें लगी हुई है। शहर के 7 चौराहों पर लाखों रुपए की ट्रैफिक लाइटें लगाई गई थी। शहर के अग्रसेन चौक, बावल चौक, नाईवाली चौक, झज्जर चौक, अंबेडकर चौक, धारूहेड़ा चुंगी व राव अभय सिंह चौक पर ट्रैफिक लाइटें शुरू की जानी थी। नगर परिषद की ओर से इन लाइटों की मरम्मत पर कई बार लाखों रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्य नजर नहीं आ रहा है।

### ट्रैफिक लाइटों से व्यवस्था में होगा सुधार

शहर के सभी चौराहों पर ट्रैफिक लाइटों के सुचारू रूप से चलने ट्रैफिक कंट्रोल करने में काफी मदद मिलेगी। ट्रैफिक लाइटों से शहर की यातायात व्यवस्था में भी काफी हद तक सुधार होगा। वर्तमान में शहर में बढ़ते वाहनों से जाम की स्थिति पैदा हो रही है। ट्रैफिक लाइटों के शुरू होने से दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी और ट्रैफिक व्यवस्था में भी सुधार होगा।

### जल्द चालू होंगी लाइटें

शहर के चौराहों पर जल्द ही ट्रैफिक लाइटें चालू की जाएगी। जो लाइटें खराब है, उनको जल्द ठीक कराया जाएगा। इसके अलावा जहां लाइटें नहीं है, वहां नई ट्रैफिक लाइटें लगवाई जाएंगी।
-अंकित वशिष्ठ, एक्सईएन, नप।




रेवाड़ी। वार्षिक समारोह में मेधावी बच्चों को सम्मानित करते सभा के सदस्य तथा सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए महिलाएं।

# वरिष्ठ चित्रांश सदस्यों व मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

■ स्व. तारा सक्सेना पूर्व संरक्षक को उनकी सेवाओं के लिए याद करके श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

श्री चित्रगुप्त सभा का वार्षिक समारोह निजी होटल में केके सक्सैना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में डा. चित्रा सक्सेना कंसल्टेंट प्रोफेसर टोरंटो कनाडा, माधवी प्रसाद सक्सेना, एनके गुप्ता अध्यक्ष सतीश पब्लिक कॉलेज व नमन शर्मा चार्टर्ड अकाउंटेंट ने शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन केके सक्सेना व अल्पना खरे ने किया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर व चित्रगुप्त महाराज की आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चित्रांश सदस्य डा. एसएन सक्सेना वरिष्ठ संरक्षक, महेश चंद्रा संरक्षक, नवीन कुमार, डा. टी भटनागर, कांती देवी, ओमवती सक्सेना तथा कुमुद भटनागर को सम्मानित किया गया। इनके अलावा चित्रगुप्त सभा की ओर से नमन शर्मा चार्टर्ड अकाउंटेंट, नरेन्द्र गुगनानी व राम कुमार प्रबंधक श्री चित्र गुप्त मंदिर को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। सभा ने गुरुग्राम से आए कवि राजेन्द्र निगम व कवित्री इंदू निगम का भी सम्मान किया। इस मौके पर स्व. तारा सक्सेना पूर्व संरक्षक को उनकी सेवाओं के लिए याद करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा की ओर से चित्रांश परिवार के मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आरोही कुलश्रेष्ठ, मीनल सक्सेना, आकर्ष निगम, अन्वेषण कुलश्रेष्ठ, महक भटनागर और भुव माथुर को डा. आदेश सक्सेना ने श्री अश्वनी सक्सेना छात्रवृत्ति व डा. शिवशांत चंद्रा ने उर्मिला चंद्रा छात्रवृत्ति प्रदान की। आरके सक्सेना ने विनोद बिहारी सक्सेना, कमल सक्सेना, निशीकांत सक्सेना तथा सरोज सक्सेना की याद में 11000 रुपये की राशि एसएन- झुग्गी झोपड़ी स्कूल के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति के रूप में भेंट की। वार्षिक समारोह में चिंत्राश परिवार की महिलाओं व बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

### सभा की गतिविधिओं का ब्योरा पेश किया

सभा के सचिव डा. हरिओम कुलश्रेष्ठ ने अतिथिओं व चित्रांश परिवार के सदस्यों का स्वागत किया। अध्यक्ष केके सक्सेना ने सभा की गतिविधिओं का ब्योरा पेश किया। उन्होंने सभा के कार्यों में जरूरतमंद लोगों को सर्दी में कंबल वितरण, मेडिकल कैंप, जररूतमंद बच्चों को छात्रवृत्ति देने व इलाज के लिए आर्थिक सहायता देने की जानकारी दी।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर रजनी कुलश्रेष्ठ, डा. मित्रा सक्सेना, डा. नामिता कुलश्रेष्ठ, डा. रचना श्रीवास्तव, डा. अक्षय सक्सेना, डा. अंचल दीक्षित सक्सेना, मनीष निगम, अजय श्रीवास्तव, अनुपम कुलश्रेष्ठ, मधुरलता, आर्यना माथुर, टीएस भटनागर, रूपाली चंद्रा, मोहित भटनागर, परीक्षा, डा. कृष्ण मोहन माथुर, मीनाक्षी माथुर, सुमन निगम, इंदु श्रीवास्तव, पंडित सुनील दुलिया, आलय कुमार सक्सेना व सुकांत चंद्रा मौजूद थे।

## ग्रामीणों को दी बैंक योजनाओं की जानकारी

**कोसली।** नाहड़ गांव में हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा की ओर से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैंक के वित्तीय साक्षरता सलाहकार जय सिंह दहिया व शाखा प्रबंधक योगेश मीणा ने ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी। शाखा प्रबंधक योगेश मीणा ने बताया कि कार लोन के लिए ग्रामीण बैंक की ब्याज दरें अन्य बैंकों के मुकाबले सस्ती हैं। कुछ वित्तीय संस्थान जहां ब्याज पहले मूलधन में जोड़ कर किस्त बनाते हैं, वहीं ग्रामीण बैंक द्वारा किस्त जमा होने के बाद बाकी रकम पर ब्याज लगाया जाता है।

# आकांक्षी ब्लॉक का उद्देश्य नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार करना : वंदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। आकांक्षी ब्लॉक नाहड़ के कार्यो की समीक्षा करती प्रोग्राम प्रभारी वंदना।

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में शामिल जिले के नाहड़ ब्लॉक की प्रगति को लेकर सोमवार को रसायन एवं पेट्रो-रसायन विभाग की निदेशक एवं आकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम की प्रभारी वंदना ने अधिकारियों के साथ पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक की। डीसी अभिषेक मीणा ने नाहड़ ब्लॉक को विकसित बनाने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से नीति आयोग की हिदायतों अनुसार किए जा रहे विभागीय कार्यों की जानकारी दी। आकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम की प्रभारी वंदना ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं के पोषण, बच्चों के पोषण, डायबिटीज, हाइपरटेंशन, आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय, कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं, सिंचाई व पेयजल को लेकर विभागों के अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी सहित सभी अधिकारियों को विभागों के ऐप पर सही डाटा के साथ निरंतर रिपोर्ट अपडेट करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी और विद्यालयों में साफ-सफाई और बेहतर शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं गर्भवती महिलाओं को समय से पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा बच्चों के लिए भी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषक आहार की नियमित व्यवस्था रहे। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए भी सरकार की ओर से चलाई जा रही सॉयल हेल्थ कार्ड व प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि सहित सभी योजनाओं का लाभ मिले। किसानों को योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट लेते हुए नियमित टीकाकरण करने के भी निर्देश दिए।

### नीति आयोग कर रही कार्यों की समीक्षा

प्रभारी वंदना ने बताया कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम योजना का उद्देश्य देश के अविकसित ब्लॉकों में विशेष ध्यान रखते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण व कृषि आदि के बुनियादी ढांचे को दुरुस्त बनाकर नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार करना है। इसी के तहत नाहड़ ब्लॉक को विकसित बनाने को लेकर नीति आयोग के निर्देशन में योजना बनाकर हर क्षेत्र में विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं। नीति आयोग की ओर से समय-समय पर इन कार्यों की समीक्षा भी की जा रही है, ताकि नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार लाया जा सकें।

### नाहड़ ब्लॉक में किए जा रहे विकास कार्य : डीसी

डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से नाहड़ ब्लॉक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और सिंचाई सहित सभी क्षेत्रों तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। इनमें से ज्यादातर विभाग अपनी शत प्रतिशत रिपोर्ट के साथ कार्य कर रहे हैं। विभागों के अधिकारी अपनी रिपोर्ट संबंधित पोर्टल पर भी अपडेट कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### स्कूल में गणित दिवस पर गतिविधियों का हुआ आयोजन



रेवाड़ी। शहीद रविंद्र कुमार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास में सोमवार को मैथमेटिक्स-डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महान गणितज्ञ रामानुज को याद किया गया। प्राचार्या शोभा रानी भारद्वाज ने बताया कि 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ रामानुज की जयंती मनाई जाती है। गणित दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय में प्रगति ग्रुप गुरुग्राम के आईटी हेड आयुष सोनी मुख्य अतिथि थे। गणित दिवस पर विद्यालय में अनेक कार्यक्रम किए गए। गणित विभाग से किरण यादव, मोना यादव और शोभा यादव ने विद्यार्थियों से गणित संबंधी एक्टिविटी कराई, जिनमें पोस्टर मेकिंग, चार्ट मेकिंग मॉडल मेकिंग, कविता वचन, भाषण प्रतियोगिता, गणित के ऊपर आधारित स्किट और क्विज का आयोजन कराया गया।



### लायंस क्लब ने जरूरतमंद बच्चों को दिए स्वेटर

रेवाड़ी। लायंस क्लब की ओर से सोमवार को नई आबादी स्थित श्री श्याम बाबा बाल संस्कार केंद्र के जरूरतमंद बच्चों के लिए एक अलमारी और 30 स्वेटर वितरित किए गए। क्लब के अध्यक्ष लायन ऋषि सिंहल ने बताया कि लायंस क्लब के सचिव लायन अभिषेक गुप्ता की ओर से बच्चों को स्वेटर भेंट किए गए। इस मौके पर लायन अलोक सिंहल, लायन संदीप गोयल, लायन दीपक अग्रवाल, लायन ओपी गुप्ता व संतोष गुप्ता तथा सेवा भारती की ओर से संचालित स्कूल के नरेंद्र शर्मा, राम तीरथ, कंवरलाल, प्रदीप गुप्ता और मुरारी लाल उपस्थित थे।



### जिला कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्यों को दी बधाई

**कोसली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव ने पार्टी की जिला कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त होने पर सुरेंद्र सरपंच व एडवोकेट गुरदयाल सिंह को बुके भेंटकर व मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सरपंच मनोज कुमार, विनोद कुमार, मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद शास्त्री व संजय राव उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रदर्शनी में तनुष कुमार का मॉडल रहा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में सोमवार को राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार ने बताया कि महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती तथा उनके द्वारा गणित के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद रखने के लिए 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है।

गणित अध्यापिका पूनम देवी ने राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रकाश डालते हुए गणित की अवधारणाओं को समझकर दैनिक जीवन में लागू करने की अपील की। कार्यक्रम प्रभारी पूनम देवी के नेतृत्व में विद्यालय में पोस्टर मेकिंग, रंगोली व प्रश्नोत्तरी सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में नताशा प्रथम, विनय द्वितीय तथा संजना तृतीय स्थान पर रही। गणित विषय पर मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में तनुष कुमार का मॉडल प्रथम, बीरेंद्र का मॉडल द्वितीय तथा प्रियांशी का मॉडल तृतीय स्थान पर रहा। प्राचार्य ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।



रेवाड़ी। स्कूल में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्राचार्य व स्टाफ।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर सीएमसी शिक्षाविद दयाराम आर्य, सेवानिवृत प्रवक्ता जयपाल यादव, प्रवक्ता मनोज कुमार, अध्यापक रविंद्र कुमार सैनी, मुकेश कुमार, हरिता शर्मा, मंजुलता, प्रिया देवी व नरेंद्र सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

# गोकलगढ़ में गंदे पानी की समस्या का जल्द होगा समाधान, कमेटी गठित व बजट मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की ओर से विधानसभा में मांग उठाने के बाद रेवाड़ी विस क्षेत्र के गांव गोकलगढ़ में गंदे पानी की निकासी की गंभीर समस्या का समाधान जल्द होने वाला है। विधायक यादव ने विधानसभा के विंटर सेशन में मांग उठाते हुए दो सुझाव भी दिए। विधायक की मांग पर कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि इसके समाधान को लेकर एडीसी सहित अनेक विभागों के अधिकारियों की कमेटी गठित कर दी गई है। जोकि 15 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। समस्या के निदान को लेकर बजट मंजूर कर दिया गया है तथा जल्द ही इस समस्या का स्थाई समाधान करा दिया जाएगा।



रेवाड़ी। विधानसभा सत्र में गांव की समस्या रखते हुए लक्ष्मण सिंह।

### गांव की स्थिति दयनीय बनी

विधायक लक्ष्मण सिंह ने गांव गोकलगढ़ की बड़ी गंभीर समस्या को विधानसभा में उठाते हुए कहा कि गोकलगढ रेवाड़ी विधानसभा का एक बड़ा गांव है, जिसकी आबादी करीब आठ हजार है। इस गांव में गंदे पानी की निकासी का कोई स्थान नहीं है। गांव के एक ओर रेलवे लाइन तथा दूसरी और नहर है, जिसके चलते गांव के जोहड़ों में ही गंदे पानी को डाला जा रहा है, जिसके चलते गांव की स्थिति दयनीय बनी हुई है। उन्होंने समस्या के स्थाई समाधान का सुझाव रखते हुए कहा कि गांव के गंदे पानी के समाधान के लिए छह-सात सोलर पंप लगाकर पानी को बाहर निकलवाया जाए।

# हरिद्वार प्रशिक्षण कैंप में शामिल होंगे पतंजलि परिवार के जिला प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पतंजलि परिवार के जिला एवं तहसील प्रभारी हरिद्वार में 25 से 28 दिसंबर तक योग गुरु स्वामी रामदेव महाराज के सानिध्य में होने वाले 4 दिवसीस प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। समिति के जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि जिला प्रभारी दयाराम आर्य के नेतृत्व में पतंजलि परिवार की 12 सदस्यीय टीम 24 दिसंबर को हरिद्वार स्थित पतंजलि योग पीठ पहुंचेगी तथा प्रशिक्षण शिविर में योग प्राणायाम की बारीकियों के साथ-साथ आयुर्वेद, स्वदेशी तथा भारतीय शिक्षा बोर्ड की जानकारी हासिल करेंगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद पतंजलि परिवार के जिला एवं तहसील प्रभारी अपनी टीम के साथ जिले के हर घर तक योग, आयुर्वेद, स्वदेशी तथा भारतीय शिक्षा बोर्ड को पहुंचाने का काम करेंगे।

### ये करेंगे शिरकत

जिले से दयाराम आर्य जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति, दयानंद आर्य जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, नरेश कुमार सह प्रभारी पतंजलि योग समिति, मुकेश कुमार जिला मीडिया प्रभारी व श्याम सुंदर महामंत्री भारत स्वाभिमान सहित पतंजलि परिवार के मनोज कुमार, रविंद्र कुमार, विनोद कुमार, सोमदत्त आर्य, अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार व विजयपाल प्रशिक्षण शिविर में शिरकत करेंगे।

**बैठक** वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जाए

### डीसी अभिषेक मीणा ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# घने कोहरे को देखते हुए सभी सड़कों पर साइन बोर्ड, सफेद पट्टी व रिफ्लेक्टर लगवाएं विभाग: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों को सर्दी में घने कोहरे को देखते हुए जिले में नई व मरम्मत की गई सभी सड़कों पर साइन बोर्ड, सफेद पट्टी व रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए है। डीसी मीणा सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्ययक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी सड़कों पर पूर्ण रूप से मार्किंग हो। ऐसे में संबंधित विभाग अपने अधिकार क्षेत्र की सभी सड़कों के सुधारीकरण व उन पर मार्किंग, साइन बोर्ड, सफेद पट्टी व रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य करें, वहीं जिले के सभी रोड से अवैध कटों को पूर्णत बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों व स्टेट मार्गों सहित अन्य सड़कों व चौराहों पर राहगीरों व वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जाए। डीसी ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में घने कोहरे के दौरान वाहन सीमित गति में, निर्धारित लेन में रहकर और यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सकें। उन्होंने कहा कि विशेषकर सुबह और रात के समय कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि धुंध के मौसम में गलत दिशा में वाहन न चलाएं और धुंध के समय जहां तक संभव हो ओवरटेक करने से बचें।



रेवाड़ी। अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए डीसी मीणा। फोटो : हरिभूमि

### आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड और ब्रेकर बनवाएं

डीसी ने कहा कि जिले की सडकों पर सभी ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं। लोक निर्माण विभाग, एचएसवीपी, राजमार्ग प्राधिकरण, नेशनल हाइवे व एचएसआईडीसी विभागों के अधीन सड़कों पर जो भी ब्लैक स्पॉट हैं, उनको तत्परता से दूर किया जाए। डीसी ने कहा कि विभाग अपने अधिकार क्षेत्र की सड़कों पर गड्ढों को दुरुस्त करने के साथ ही टी-प्वाइंट आदि आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड और ब्रेकर बनवाएं। साथ ही सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत स्कूल बसों की नियमित जांच करें।

### ये रहे मौजूद

एडीसी राहुल मोदी, आरटीए सचिव एवं एसडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम बावल मनोज कुमार व डीएसपी रविंद्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।